# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 14.12.2025 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **केन्द्र सरकार ने 15वें वित्त आयोग के तहत झारखंड को वित्तीय वर्ष 2024–25 के अनुदान की पहली किश्त देने की अनुशंसा की, राज्य को मिलेंगे 692 करोड़ रुपये।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया रांची का औचक निरीक्षण, कहा– राज्य के हर शहर को सुरक्षित, समावेशी और खुशहाल बनाना हमारा संकल्प।**
3. **राज्यभर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालतों में 16 लाख से ज्यादा मामलों का निष्पादन, 9 अरब से ज्यादा राशि का हुआ सेटलमेंट।**
4. **राज्य के विभिन्न इलाकों में ठंड के साथ बढ़ा कुहासा, विमान सेवाओं पर भी पड़ा असर, दिल्ली से रांची आ रहा विमान डायवर्ट, दो विमान विलंब से पहुंचे रांची।**
5. **रांची में आयोजित पांचवीं यूटीटी नेशनल रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप का समापन, दिल्ली के पायस जैन ने पुरुष एकल और रेलवे की सुतिर्था मुखर्जी ने महिला एकल का जीता खिताब।**

**********************

केन्द्रीय पंचायती राज मंत्रालय ने 15वें वित्त आयोग के तहत झारखंड को वित्तीय वर्ष 2024–25 के अनुदान की पहली किश्त जारी करने की अनुशंसा कर दी है। झारखंड को अनुदान के रुप में 692 करोड़ रुपये मिलेंगे। वित्तीय वर्ष 2024–25 में झारखंड को कुल 1385 करोड़ रुपये अनुदान मिलना है।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कल रांची शहर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आवागमन व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के हर शहर में आवागमन, नागरिक सुविधाओं और जीवन की सुगमता को बेहतर बनाना सरकार की प्राथमिकता है।

**********************

बांगलादेशी घुसपैठ के मामले में भाजपा ने राज्य की हेमंत सरकार पर फिर हमला बोला है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में सरकार पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य में एसआईआर के बाद संताल परगना के कुछ हिस्सों में एनआरसी भी लागू किया जायेगा।

**********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करेंगी। वे ऊर्जा संरक्षण संबंधी राष्ट्रीय चित्रकारी प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत करेंगी। यह आयोजन राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर हो रहा है। हर वर्ष यह दिवस 14 दिसंबर को मनाया जाता है।

**********************

राज्य भर में कल आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 16 लाख 78 हजार 491 मामले निष्पादित किए गये। झालसा द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय लोक अदालत में राज्यभर में प्री लीटिगेशन के 15 लाख 17 हजार 243 मामले निष्पादित हुए हैं। वहीं अदालतों में लंबित 1 लाख 61 हजार 248 मामले सुलझाए गए हैं। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 9 अरब 18 करोड़ 85 लाख 23 हजार 930 रुपये की राशि का सेटेलमेंट भी हुआ है।

**********************

धनबाद के चिरकुंडा थाना क्षेत्र में खनन विभाग की टीम ने छापेमारी कर बालू लदे दो ट्रकों के साथ ही एक जेसीबी मशीन भी जब्त की है। इस संबंध में खनन विभाग के पदाधिकारी श्यामनन्दन सिंह ने बताया कि एक गोदाम में अवैध रूप से बालू का भंडारण किये जाने की सूचना पर यह कार्रवाई की गयी।

**********************

गढ़वा जिले के डंडा थाना क्षेत्र से एक 5 दिन के नवजात को उसके माता–पिता द्वारा बेचे जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बेचे गए नवजात को पलामू जिला मुख्यालय के रेड़मा इलाके से बरामद कर लिया है। पुलिस द्वारा दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है।

**********************

दुमका जिले के रानेश्वर प्रखंड के ऐतिहासिक डाक बंगले की रौनक फिर लौटेगी।

**********************

शीतलहर और रात के तापमान में लगातार हो रही गिरावट को देखते हुए गिरिडीह में शासन–प्रशासन जरूरतमंदों की मदद में जुट गया है। इसी क्रम में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने शहर के हृदय स्थल बड़ा चौक पर कई जरूरतमंदों, गरीबों और असहाय लोगों के बीच कंबलों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ठंड से जरुरतमंदों को बचाना हमारी प्राथमिकता है।

**********************

राज्य के विभिन्न इलाकों में अब ठंड के साथ ही कुहासे का असर भी दिखने लगा है। घने कुहासे का असर विमान सेवाओं पर भी पड़ा है। घने कोहरे के कारण कल दिल्ली से रांची आ रहे एक विमान को डायवर्ट कर भुवनेश्वर भेजना पड़ा। वहीं, दो विमान दो घंटे विलंब से रांची पहुंचे। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में कुहासा और घना होगा। अगले पांच दिनों तक इसका असर कायम रहेगा।

**********************

रांची के हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित पांचवीं यूटीटी नेशनल रैंकिंग टेबल टेनिस चौंपियनशिप का समापन रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ। प्रतियोगिता के अंतिम दिन दिल्ली के पायस जैन ने पुरुष एकल और रेलवे की सुतिर्था मुखर्जी ने महिला एकल का खिताब जीतकर सीजन का शानदार अंत किया।

**********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा रांची शहर का निरीक्षण किये जाने की खबर को प्रमुखता दी है।

**दैनिक भास्कर की सुर्खी है**–2019 से पड़े हैं पैसे, अब आंगनबाड़ी सेविकाओं को मिलेगा बंडी–शॉल।

**हिन्दुस्तान ने लिखा है**–बिल जमा नहीं करने पर 5 हजार 695 लोगों की एक दिन में कटी बिजली।

**प्रभात खबर के शब्द हैं**–सीबीएसई 10वी बोर्ड की परीक्षा पैटर्न में बदलाव, साइंस में तीन व सोशल साइंस में चार सेक्शन में बंटे होंगे सवाल।

**दैनिक जागरण लिखता है**–ईडी जांच के घेरे में विनय चौबे के कार्यकाल के सभी उत्पाद आयुक्त, होगी पूछताछ।

**********समाप्त*************